# मेरा खाटू वाला श्याम बड़ा ही दिलदार है लिरिक्स

जो भी मांगो मिलेगा तुमको,
ऐसा ये दरबार है,
मेरा खाटू वाला श्याम,
बड़ा ही दिलदार है।bd।

---

सुनी है सबकी श्याम धणी ने,
जो भी आया दर पर,
मेरे श्याम ने अपनी कृपा,
बरसाई उसके ऊपर,
खुशियां देकर लौटाता है,
ऐसा ये दातार है,
मेरा खाटु वाला श्याम,
बड़ा ही दिलदार है।bd।

---

हारे का कहलाता सहारा,
यार है ग़म के मारों का,
दीन दयालु प्रतिपालक ये,
मजबूरों लाचारों का,
शीश का दानी वरदानी ये,
कलयुग का अवतार है,
मेरा खाटु वाला श्याम,
बड़ा ही दिलदार है।bd।

---

किसी ने देते नहीं है देखा,
देखा भरते भंडारा,
इसीलिए मशहूर जगत में,
‘कुंदन’ श्याम का है द्वारा,
हारे का मेरा श्याम सहारा,
लीले का असवार है,
मेरा खाटु वाला श्याम,
बड़ा ही दिलदार है।bd।

---

जो भी मांगो मिलेगा तुमको,
ऐसा ये दरबार है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com